# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 23/12/2023**

**मुख्यमंत्री सचिवालय**
**प्रेस विज्ञप्ति -568/2023**
**23 दिसंबर 2023**
**रामगढ़, गोला, चाड़ी पंचायत**
**===============**
**# मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन रामगढ़ जिला के गोला स्थित कुसुमडीह-कल्याणपुर में आयोजित "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम में शामिल हुए।**
**# मुख्यमंत्री ने 49 करोड़ 95 लाख रुपए की 48 योजनाओं का उद्घाटन एवं 98 करोड़ 94 लाख रुपए की 124 योजनाओं का शिलान्यास किया।**
**# मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम के दौरान 5 अरब 61 करोड़ 73 लाख रुपए की योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन तथा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।**
**# डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य में 67, श्रम नियोजन में 23 एवं 2 अन्य कुल 92 युवाओ को मिला नियुक्ति पत्र।**
**# मुख्यमंत्री ने पतरातु प्रखंड के जयनगर पंचायत के लाभुकों से ऑनलाइन संवाद भी किया।**
**==================**
**# कोई भी जरूरतमंद पेंशन के लाभ से वंचित न रहे**
**# युवाओं को सरकारी और गैर सरकारी नौकरी से जोड़ने का कार्य हो रहा है**

**... श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री**
**===================**

गोला को डिग्री कॉलेज का उपहार जल्द मिलेगा। इसके लिए आपकी सरकार ने स्वीकृति दे दी है। कॉलेज के निर्माण हेतु आने वाले दिनों में आधारशिला रखी जाएगी। रामगढ़ जिला में आवागमन को बेहतर करने के उदेश्य से 250 करोड़ रुपए की लागत से 400 कि०मी० ग्रामीण सड़क एवं 450

करोड़ रुपए की लागत से 250 किमी उच्च स्तरीय सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ये सड़कें रामगढ़वासियों के सुगम आवागमन में सहायक होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड स्थित चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में आयोजित "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**नौकरी, रोजगार और स्वरोजगार के लिए पहल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारी, गैर सरकारी एवं स्वरोजगार हेतु कार्य किया जा रहा है। लगातार नियुक्ति निकाली जा रही है। यहां के युवाओं को सरकारी और गैर सरकारी नौकरी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। रामगढ़ जिला का पतरातु प्रखंड पर्यटन स्थल है। यहां के युवा दर्शनीय स्थल में स्वरोजगार के लिए रोजगार सृजन योजना का लाभ लेकर आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस कार्य में सरकार आपकी मदद करेगी।

**महामारी के बाद पदाधिकारी आपके द्वार पहुंचे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव-गांव पंचायत पंचायत शिविर का आयोजन हो रहा है। इन शिविरों में लोग राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहें हैं। यह अभियान बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है या नहीं इसका आकलन करने आपके बीच आता हूं। वर्ष 2021और 2022 से ऐसे शिविर का आयोजन कर सरकार आपके दरवाजे को खटखटा रही थी। इन शिविरों से प्राप्त आवेदन से ज्ञात हुआ कि आखिर पूर्व में कुछ अच्छा कार्य हुआ होता तो इतने सारे आवेदन कैसे प्राप्त हुए। 2019 से पूर्व सामान्य जीवन रहने के बाद भी कार्य नहीं किया गया। जबकि वर्तमान सरकार गठन के उपरांत कोरोना संक्रमण ने झारखण्ड समेत पूरी दुनिया को अपने चपेट में ले लिया। इस महामारी की धुंध छटने के बाद सरकार ने आपके दरवाजे तक पदाधिकारियों को भेजना शुरू किया ताकि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप तक पहुंच सके।

**गांव की मजबूती और बेहतर शिक्षा प्रदान करने का प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा यहां के किसान, श्रमिक, महिला, नौजवान सशक्त होगा तो राज्य मजबूत होगा। आपकी सरकार गांव और ग्रामीणों को सशक्त करने के उदेश्य से योजनाओं का निर्माण और लोगों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। आज आपका अधिकार आपके दरवाजे को खटखटा कर आप तक पहुंचा जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उदेश्य से 80 उत्कृष्ट विद्यालय का संचालन प्रारंभिक चरण में हो चुका है। आने वाले वर्षों में राज्य भर में पांच हजार उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ करने की योजना है। आपकी सरकार सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए किशोरियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। साथ ही, राज्य के बच्चों को उच्च शिक्षा

समेत डॉक्टर, इंजिनियरिंग, लॉ, मास कम्युनिकेशन एवं अन्य के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

**#मुख्यमंत्री पहुंचे बच्चियों के पास**

मुख्यमंत्री कार्यक्रम समाप्ति के बाद जब जाने लगे तब उनकी नजर गोला के यूएसएच बरियातु स्कूल में पढ़ाई कर रही अफसाना एवं राखी पर पड़ी, दोनों मुख्यमंत्री की तस्वीर को थामे थी। मुख्यमंत्री सीधे उन बच्चियों के पास गए और उसके साथ तस्वीर ली। मुख्यमंत्री ने इन बच्चियों की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं पतरातु प्रखंड के जयनगर पंचायत में आयोजित शिविर में पदाधिकारियों से कहा कोई भी जरूरतमंद पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे।

**# ये भी जानें...**

**# बिरसा कूप सिंचाई संवर्धन योजना के तहत 1292 की मिला स्वीकृति पत्र**
**# मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 79 लाभुकों का लाभ**
**# सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 14519 किशोरियों को लाभ**
**# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 183 युवाओं का लाभ**
**# साईकिल योजना से 13560 छात्र-छात्राओं को लाभ**
**# दिव्यांग यंत्र योजना से 187 दिव्यांग लाभान्वित**
**# दिसम्बर 2019 तक रामगढ़ में 15 हजार लोगों को पेशन दिया रहा था। वर्तमान सरकार गठन के बाद जनवरी 2020 से अबतक 52 हजार से अधिक लोगों को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ मिला**
**# सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अबतक रामगढ़ जिला में 33 हजार से अधिक बेटियों को लाभ दिया गया**
**# साईकिल वितरण योजना से रामगढ़ जिला में 19 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं आच्छादित हुए (10 हजार स्टूडेंट को DBT किया जा चुका है)**
**# पशुधन विकास योजना से दो वर्ष में 734 लाभुकों को लाभ मिला**
**# रामगढ़ में 17 धुमकुड़िया हाउस का निर्माण कार्य जारी है। कुल 20 सरना/मसना स्थल का निर्माण हो रहा है**
**# विगत तीन वर्ष में 241 लोगों ने रोजगार सृजन योजना का लाभ लिया है**
**# विगत दो वर्ष में करीब 1500 एकड़ भूमि पर बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधारोपण हुआ**

**इस अवसर पर मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री श्री बादल पत्रलेख, विधायक बड़कागांव सुश्री अम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक सह राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त श्री योगेन्द्र महतो, राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त श्री फागू बेसरा, पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे, उपायुक्त रामगढ़, आरक्षी अधीक्षक रामगढ़, जिला के पदाधिकारीगण, हजारों की संख्या में ग्रामीण, छात्र - छात्राएं एवं लाभुक उपस्थित थे।**

**###**

**==============**

**#Team PRD (CMO)**